Regarding air services at Prayagraj

श्रीमती केशरी देवी पटेल **(फूलपुर) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहती हूं कि प्रयागराज विमानपत्तन पर विमानों का प्रचालन भारतीय वायु सेना द्वारा किया जाता है । विमानों का प्रचालन सुबह से शाम तक होता है । ये संज्ञान में आया है कि प्रयागराज विमानपत्तन पर विमानों के प्रचालन हेतु आवश्यक लैंडिंग उपकरण आईएलएस सी82 भारतीय वायु सेना द्वारा ही स्थापित किए गए हैं ।

सभापति महोदय, विमानपत्तन पर शीतकालीन कोहरे के कारण विमानों का प्रचालन बाधित रहता है । यदि प्रयागराज विमानपत्तन पर विमानों के प्रचालन हेतु आवश्यक लैंडिंग उपकरण आईएलएस सी83 को स्थापित कर दिया जाए, तो प्रयागराज में कोहरे के समय भी विमान उतर सकेंगे